# यूपी शूटिंग में सबसे अनुकूल राज्य

## पुरस्कार

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

गोवा में आयोजित भारत के 52वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह-2021 में उत्तर प्रदेश को फिल्म शूटिंग के लिए देश के सबसे अनुकूल राज्य का पुरस्कार प्रदान किया गया है।

केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने रविवार को यूपी को यह पुरस्कार प्रदान किया। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। नवनीत सहगल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देशन में राज्य सरकार उत्तर प्रदेश में फिल्म निर्माण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों को निरन्तर प्रोत्साहित कर रही है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि फिल्म सिटी में 10,000 करोड़ से अधिक का निवेश अनुमानित है। उन्होंने फिल्म प्रोडक्शन हाउसेज को निवेश के लिए आमंत्रित करते कहा कि टेण्डर प्रक्रिया चल रही है। भूमि के लिए सरकार रकम नहीं लेगी, जमीन लाइसेंस की व्यवस्था की जाएगी।



गोवा फिल्म समारोह में फिल्म बंधु अध्यक्ष नवनीत सहगल ने सम्मान प्राप्त किया।